अर्थप्रकाश 24-6-26

# डिजिटल एम्पावरमेंट प्रोग्राम शुरू, छात्र बनेंगे डिजिटल एंबेसडर, लोगों को सिखाएंगे तकनीक का इस्तेमाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** डिजिटल युग में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सर्वप्रेम फाउंडेशन की ओर से सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के सहयोग से कॉलेज परिसर में ÷डिजिटल एम्पावरमेंट प्रोग्राम÷ की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य समाज में डिजिटल अंतर को कम करना और लोगों को आवश्यक डिजिटल कौशल से लैस कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, सर्वप्रेम फाउंडेशन की डायरेक्टर आराधना ओझा, फाउंडर डॉ. प्रेम ओझा, को-फाउंडर्स संजय ओझा और डॉ. अशोक वढेरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता शिक्षा और विकास का अहम हिस्सा बन चुकी है। डिजिटल ज्ञान के माध्यम से लोगों को नई तकनीकों, ऑनलाइन सेवाओं और आधुनिक संसाधनों से जोड़कर उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

उन्होंने डिजिटल रूप से सक्षम समाज के निर्माण के लिए शिक्षा, जागरूकता और कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। सर्वप्रेम फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संस्था है, जो शिक्षा, सामुदायिक विकास, रोजगार क्षमता बढ़ाने, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। ÷सर्व विद लव÷ के मूल मंत्र के साथ संस्था समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाने के लिए विभिन्न पहल चला रही है।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर आयोजकों ने कहा कि आज के तेजी से बदलते दौर में डिजिटल साक्षरता बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। डिजिटल ज्ञान केवल तकनीक के इस्तेमाल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, नई संभावनाओं तक पहुंच दिलाने और समाज के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस इस पहल का उद्देश्य छात्रों, युवाओं, महिलाओं और समुदाय के सदस्यों को व्यावहारिक डिजिटल कौशल प्रदान करना है, जिससे वे शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

दैनिक सवेरा 25-6-26

# डिजिटल एंपावरमैंट प्रोग्राम शुरू, छात्र बनेंगे डिजिटल एंबैसडर, लोगों को सिखाएंगे तकनीक का इस्तेमाल




प्रोग्राम में उपस्थित गैस्ट।

**सवेरा न्यूज/नीना चंडीगढ़ :** डिजिटल युग में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सर्वप्रेम फाउंडेशन की ओर से सैक्टर-32 के जीजीडीएसडी कॉलेज के सहयोग से कॉलेज परिसर में डिजिटल एंपावरमेंट प्रोग्राम की शुरु आत की। इस पहल का उद्देश्य समाज में डिजिटल अंतर को कम करना और लोगों को आवश्यक डिजिटल कौशल से लैस कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, सर्वप्रेम फाउंडेशन की डायरेक्टर आराधना ओझा, फाउंडर डॉ. प्रेम ओझा, को-फाउंडर्स संजय ओझा और डॉ. अशोक वढेरा सहित मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता शिक्षा और विकास का अहम हिस्सा बन चुकी है। डिजिटल ज्ञान के माध्यम से लोगों को नई तकनीकों, ऑनलाइन सेवाओं और आधुनिक संसाधनों से जोड़कर उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज का डिजिटल रूप से उन्नत होना समय की मांग है।

दिव्य हिमाचल 24-6-26

# एसडी कालेज में डिजिटल एम्पावरमेंट प्रोग्राम



चंडीगढ़। डिजिटल युग में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सर्वप्रेम फाउंडेशन की ओर से सेंक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म क़ॉलेज के सहयोग से कॉलेज परिसर में डिजिटल एम्पावरमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य समाज में डिजिटल अंतर को कम करना और लोगों को आवश्यक डिजिटल कौशल से लैस कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर एसडी कॉलेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा, सर्वप्रेम फाउंडेशन की डायरेक्टर आराधना ओझा, फाउंडर डा. प्रेम ओझा, को फाउंडर्स संजय ओझा और डा. अशोक वढेरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता शिक्षा और विकास का अहम हिस्सा बन चुकी है।

ਜਗਬਾਣੀ 23-6-26


**ਮਿਸ਼ਨ ਐਡਮਿਸ਼ਨ** | ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ 12 ਸਰਕਾਰੀ ਤੇ ਨਿੱਜੀ ਕਾਲਜਾਂ 'ਚ ਦਾਖ਼ਲੇ ਲਈ ਦੌੜ ਤੇਜ਼, 5 ਦਿਨਾਂ 'ਚ ਸੀਟਾਂ ਨਾਲੋਂ ਵੱਧ ਅਰਜ਼ੀਆਂ

# ਬੀ.ਬੀ.ਏ. ਦੀ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਧ ਮੰਗ, 560 ਸੀਟਾਂ ਲਈ 1950 ਅਰਜ਼ੀਆਂ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 22 ਜੂਨ (ਸ਼ੀਨਾ): ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ 12 ਸਰਕਾਰੀ ਤੇ ਨਿੱਜੀ ਕਾਲਜਾਂ 'ਚ ਗ੍ਰੈਜੂਏਸ਼ਨ ਪਹਿਲੇ ਸਾਲ ਦੇ ਦਾਖ਼ਲਿਆਂ ਲਈ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦਾ ਭਾਰੀ ਉਤਸ਼ਾਹ ਦੇਖਣ ਨੂੰ ਮਿਲ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਉੱਚ ਸਿੱਖਿਆ ਵਿਭਾਗ ਵੱਲੋਂ 18 ਜੂਨ ਤੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਕੇਂਦਰੀਕ੍ਰਿਤ ਦਾਖ਼ਲਾ ਪ੍ਰਕਿਰਿਆ ਦੇ ਸਿਰਫ਼ ਪੰਜ ਦਿਨਾਂ ਅੰਦਰ ਹੀ ਉਪਲਬਧ ਸੀਟਾਂ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਕਾਫ਼ੀ ਵੱਧ ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋ ਚੁੱਕੀਆਂ ਹਨ। ਵਿਭਾਗ ਵੱਲੋਂ ਬੀ.ਕਾਮ, ਬੀ.ਬੀ.ਏ. ਤੇ ਬੀ.ਸੀ.ਏ. ਕੋਰਸਾਂ ਲਈ ਆਨਲਾਈਨ ਦਾਖ਼ਲਾ ਪ੍ਰਕਿਰਿਆ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜਦਕਿ ਬੀ.ਏ. ਤੇ ਬੀ.ਏ. ਆਨਰਜ਼ 'ਚ ਦਾਖ਼ਲੇ ਸਬੰਧਤ ਕਾਲਜ ਆਪਣੇ ਪੱਧਰ 'ਤੇ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਅੰਕੜਿਆਂ ਮੁਤਾਬਕ ਬੀ.ਬੀ.ਏ. ਕੋਰਸ ਲਈ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਧ ਮੁਕਾਬਲਾ ਦੇਖਣ ਨੂੰ ਮਿਲ ਰਿਹਾ ਹੈ। 560 ਸੀਟਾਂ ਲਈ 1950 ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਜਦਕਿ ਬੀ.ਸੀ.ਏ. ਦੀਆਂ 880 ਸੀਟਾਂ ਲਈ 1650 ਤੇ ਬੀ.ਕਾਮ ਦੀਆਂ 2310 ਸੀਟਾਂ ਲਈ 3019 ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਆਈਆਂ ਹਨ।

## ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ ਕਾਲਜਾਂ 'ਚ ਹੈਲਪ ਡੈਸਕ ਸਥਾਪਤ

ਦਾਖ਼ਲਾ ਪ੍ਰਕਿਰਿਆ ਨੂੰ ਸੁਚਾਰੂ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ ਸਾਰੇ ਕਾਲਜਾਂ 'ਚ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਹੈਲਪ ਡੈਸਕ ਬਣਾਏ ਗਏ ਹਨ। ਇੱਥੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਨਵੀਂ ਸਿੱਖਿਆ ਨੀਤੀ (ਐੱਨ.ਈ.ਪੀ.), ਵਿਸ਼ਾ ਚੋਣ, ਚਾਰ ਸਾਲਾ ਡਿਗਰੀ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਤੇ ਆਨਲਾਈਨ ਅਰਜ਼ੀ ਸਬੰਧੀ ਜਾਣਕਾਰੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਦੁਪਹਿਰ 3 ਵਜੇ ਤੱਕ ਕੈਂਪਸ 'ਚ ਜਾ ਕੇ ਸਹਾਇਤਾ ਲੈ ਸਕਦੇ ਹਨ।



### ਸੀਟਾਂ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਅਰਜ਼ੀਆਂ

| ਕੋਰਸ | ਸੀਟਾਂ | ਅਰਜ਼ੀਆਂ |
|---|---|---|
| ਬੀ.ਕਾਮ | 2310 | 3019 |
| ਬੀ.ਬੀ.ਏ. | 560 | 1950 |
| ਬੀ.ਸੀ.ਏ. | 880 | 1650 |

### ਮੈਰਿਟ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਹੋਰ ਉੱਚੀ

ਸਿੱਖਿਆ ਮਾਹਰਾਂ ਦਾ ਮੰਨਣਾ ਹੈ ਕਿ ਸੀਟਾਂ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਕਾਫ਼ੀ ਵੱਧ ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਆਉਣ ਕਾਰਨ ਇਸ ਸਾਲ ਦਾਖ਼ਲੇ ਲਈ ਮੁਕਾਬਲਾ ਹੋਰ ਤਿੱਖਾ ਰਹੇਗਾ। ਖ਼ਾਸ ਕਰਕੇ ਬੀ.ਬੀ.ਏ. ਤੇ ਬੀ.ਸੀ.ਏ. ਕੋਰਸਾਂ 'ਚ ਮੈਰਿਟ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਨਾਲੋਂ ਉੱਚੀ ਜਾਣ ਦੀ ਸੰਭਾਵਨਾ ਹੈ।

### ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਦਾਖ਼ਲਾ ਸ਼ਡਿਊਲ

| | |
|---|---|
| 28 ਜੂਨ | ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਵਾਉਣ ਦੀ ਅੰਤਮ ਤਰੀਕ |
| 1 ਜੁਲਾਈ [illegible] | ਕਾਮਨ ਲਿਸਟ ਜਾਰੀ |
| 3 ਜੁਲਾਈ [illegible] | ਆਬਜੈਕਸ਼ਨ ਦਰਜ ਕਰਨ ਦੀ ਅੰਤਮ ਮਿਤੀ |
| 9 ਜੁਲਾਈ (ਸ਼ਾਮ 5 ਵਜੇ) | ਪ੍ਰੋਵਿਜ਼ਨਲ ਮੈਰਿਟ ਲਿਸਟ ਜਾਰੀ |
| 11 ਜੁਲਾਈ (ਦੁਪਹਿਰ 2 ਵਜੇ) | ਕੋਰਸ ਤੇ ਕਾਲਜ ਅਲਾਟਮੈਂਟ ਲਿਸਟ |
| 13 ਜੁਲਾਈ | ਪਹਿਲੀ ਆਨਲਾਈਨ ਕੌਂਸਲਿੰਗ |
| 18 ਅਤੇ 19 ਜੁਲਾਈ | ਦੂਜੀ ਆਨਲਾਈਨ ਕੌਂਸਲਿੰਗ |
| 22 ਜੁਲਾਈ | ਖ਼ਾਲੀ ਰਹਿ ਗਈਆਂ ਸੀਟਾਂ ਕਾਲਜ ਆਪਣੇ ਪੱਧਰ 'ਤੇ ਭਰਨਗੇ |

[illegible]

पंजाब केसरी 24-6-26

# डिजिटल एम्पावरमैंट प्रोग्राम शुरू

चंडीगढ़,23 जून (आशीष): डिजिटल युग में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सर्वप्रेम फाऊंडेशन की ओर से सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के सहयोग से परिसर में डिजिटल एम्पावरमैंट प्रोग्राम की शुरूआत की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, सर्वप्रेम फाऊंडेशन की डायरैक्टर आराधना ओझा, फाऊंडर डॉ. प्रेम ओझा, को-फाऊंडर्स संजय ओझा और डॉ. अशोक वढेरा सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता शिक्षा और विकास का अहम हिस्सा बन चुकी है। डिजिटल ज्ञान के माध्यम से लोगों को नई तकनीकों, ऑनलाइन सेवाओं और आधुनिक संसाधनों से जोड़कर उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

अमर उजाला 25-6-25

# एसडी कॉलेज में शुरू होंगे बीएससी एआई एमएल व साइबर सिक्योरिटी के नए कोर्स

## प्रोजेक्ट आधारित पढ़ाई और व्यावहारिक सीखने पर होगा विशेष जोर

माई सिटी रिपोर्टर

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 एसडी कॉलेज विद्यार्थियों के लिए दो नए स्नातक कोर्स शुरू करने की तैयारी कर रहा है। कॉलेज जल्द ही बीएससी (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग) और बीएससी साइबर सिक्योरिटी कोर्स शुरू करेगा। हालांकि दोनों कोर्स पंजाब यूनिवर्सिटी की मंजूरी मिलने के बाद ही शुरू किए जाएंगे।

जल्द ही बीएससी के कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग आज के समय की सबसे तेजी से विकसित होने वाली तकनीकों में शामिल हैं। नया कोर्स विद्यार्थियों को एआई आधारित सिस्टम को समझने, विकसित करने और विभिन्न क्षेत्रों में उनके उपयोग की जानकारी देगा। इसमें उद्योगों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया पाठ्यक्रम, प्रोजेक्ट आधारित पढ़ाई और व्यावहारिक सीखने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### उद्योगों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया पाठ्यक्रम

वहीं साइबर सिक्योरिटी कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में डेटा और नेटवर्क की सुरक्षा से जुड़ी विशेषज्ञता प्रदान करना है। इस कोर्स में डेटा सुरक्षा, नेटवर्क सुरक्षा, एथिकल हैकिंग, डिजिटल फोरेंसिक और सूचना सुरक्षा जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे।

विद्यार्थियों को लैब आधारित प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव भी दिया जाएगा, जिससे वे वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें।

कॉलेज का कहना है कि एआई और साइबर सिक्योरिटी दोनों क्षेत्रों में देश और विदेश में रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। इन कोर्सों को पूरा करने के बाद विद्यार्थी एआई इंजीनियर, मशीन लर्निंग इंजीनियर, डेटा एनालिस्ट, साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट, नेटवर्क सिक्योरिटी विशेषज्ञ और डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञ जैसे पदों पर करियर बना सकेंगे।

कॉलेज प्रशासन का मानना है कि इन नए कोर्सों से विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप शिक्षा मिलेगी और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।